डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी स्वतंत्रता दिवस समारोह 2021

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई ने 75 वॉ स्वतंत्रता दिवस आभासी माध्यम से बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया । यह दिन हमें सदैव उन शहीदों और आज़ादी के दीवानों की याद दिला देता है, जिनके बलिदानों से हमने स्वतंत्रता पाई । कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के गौरवपूर्ण क्षण के साथ हुई, जिसका हमारे विद्यालय परिसर से सीधा प्रसारण किया गया । दिव्य गायत्री मंत्रोच्चारण के पश्चात रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए । कक्षा बारहवीं की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य में प्रयुक्त मुद्राओं द्वारा भारत के गर्व का राष्ट्रीय प्रतीक बाघ, संस्कृति व पारंपरिक मूल्यों का प्रतीक कमल, सुंदरता, गर्व व पवित्रता का प्रतीक मोर, एकता व दृढ़ता का प्रतीक बरगद का पेड़, बलिदान, शांति व उर्वरता का प्रतीक तिरंगा आदि को दर्शाया जो अति सराहनीय था । तदुपरांत ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा द्वारा तिरंगे के विकास, इसके उपयोग, महत्त्व आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा घर में उपलब्ध सामग्री से तिरंगा बनाने का एक त्वरित तरीका भी बताया गया ।

कक्षा छठी की छात्रा ने देशभक्ति नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने उन अज्ञात महिला योद्धाओं के बारे में जानकारी साझा की, जिन्होंने आगे खड़े होकर स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया और यहॉ तक कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी । इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा ने कुकरी शो में भारतीय तिरंगे के रंगों में स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाकर दिखाया जो अपने आप में अनूठा था । कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत 'ऐ मेरे वतन के लोगो' द्वारा उन शहीदों और आज़ादी के दीवानों की याद दिला दी, जिनके बलिदानों से हमने स्वतंत्रता पाई । आदरणीया प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू अग्रवाल जी ने अपने भाषण में स्वतंत्रता दिवस के महत्त्व और देश के प्रति हमारे कर्त्तव्य पर प्रकाश डाला । धन्यवाद ज्ञापन और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई ।

जयहिंद ! वंदे मातरम !



शास्त्रीय नृत्य में प्रयुक्त मुद्राओं द्वारा राष्ट्रीय प्रतीकों का प्रदर्शन